# उत्तर पश्चिम रेलवे

08

मंडल संरक्षा कार्यालय
जोधपुर

प.सं.- 1 AT/Safety/Calendar Drive-08/JU/2026 दिनांक: - 10.08.2026

सभी अधिकारी उ.प.रे. जोधपुर मण्डल। सभी स्टेशन अधीक्षक, स्टेशन मास्टर, यातायात निरीक्षक, संरक्षा सलाहकार, यार्ड मास्टर, वरि.सेक्शन इंजीनियर(रेल पथ), वरि.सेक्शन इंजीनियर(संकेत),वरि.सेक्शन इंजीनियर(दूरसंचार), वरि.सेक्शन इंजीनियर (सवारी व माल), मुख्य लोको निरीक्षक। मुख्य नियंत्रक कंट्रोल, मुख्य नियंत्रक कैरेज, मुख्य नियंत्रक कंट्रोल लोको, मुख्य नियंत्रक (दूरसंचार), मुख्य नियंत्रक (बिजली)। प्रशिक्षक यातायात प्रशिक्षण स्कूल जोधपुर। गार्ड व चालक फ़ाइल जोधपुर, जैसलमेर, मेड़तारोड, बाड़मेर व समदड़ी। प्राचार्य डीजल प्रशिक्षण केंद्र भगत की कोठी।

## कलेंडर संरक्षा अभियान - 08/2026

विषय:- कलेंडर संरक्षा अभियान सं. **08,** वर्ष 2026

संदर्भ:- मुख्य संरक्षा अधिकारी उ.प.रे. जयपुर के पत्र सं. उ.प.रे./ मुख्यालय/ संरक्षा/ सं. अभि./ कलेंडर, दिनांक: दिनांक: **01.01.2026**

प्रधान कार्यालय के उपरोक्त पत्रानुसार कलेंडर संरक्षा अभियान सं-08, दिनांक 11.08.2026 से 25.08.2026 तक चलाया जा रहा है, जिसमे परिचालन, यांत्रिक, सिविल इंजीनीयरिंग व दूरसंचार के सभी अधिकारीगण, पर्यवेक्षक भाग लेंगे व अभियान के निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देंगे:-

**रनिंग स्टाफ:-**

चालकों एवं सहायक चालकों द्वारा सिग्नलों / अभियांत्रिक संकेतकों की स्थिति को बोलकर एक दूसरे से दोहराना एवं घुमाव पर पीछे देखकर गाड़ी की संरक्षा सुनिश्चित करना | गाड़ी चालन के दौरान सामने आई असामान्य घटनाओं की रिपोर्ट करना , सिग्नल को खतरे की स्थिति में पास करने की घटनाओ की रोकथाम |

**स्टेशन स्टाफ:-**

यह सुनिश्चित करना की गार्ड ब्रेकवान उपकरण / गार्ड व्यक्तिगत उपकरण पूरे है एवं कार्यशील अवस्था में है | गाड़ियों का पूर्ण आगमन तथा उल्लंघन चिह्न (जाम पट्टी) का साफ होना सुनिश्चित करना |

**इंजी स्टाफ:-**

गेटमैनों एवं कार्य स्थल पर कार्यरत गैंगमैनो द्वारा गुजरती हुई गाड़ी पर गाड़ी में असुरक्षित स्थिति जैसे लटकते हुए भाग एवं गर्म धुरा को पकड़ने हेतु नजर रखना |

संरक्षा अभियान की अनुपालना रिपोर्ट निम्न फार्मेट मे इस कार्यालय को दिनांक 26.08.2026 तक अवश्य भिजवाये।

| किए गए निरीक्षण | पायी गयी कमियाँ | की गयी कार्यवाही |
|---|---|---|
| | | |

इसे अति आवश्यक समझें।

10/8/26

**वरि. मण्डल संरक्षा अधिकारी**
**उ.प.रे. जोधपुर**